**श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक– 08.07.2026 (बुधवार) को अपराह्न 03:00 बजे आहूत बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति**

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
3. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
4. श्री दिग्गज कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
5. श्रीमती श्रेया पुष्कर, सहायक निदेशक–सह–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी।
6. श्रीमती हेमा कुमारी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
7. श्री अमर गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

**कार्यवाही**

**I प्रगति यात्रा**

निदेशक, खेल विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया गया।

बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों द्वारा सूचित किया गया कि प्रगति यात्रा के दौरान कुल 14 घोषणाएं की गई है। सभी 14 योजनाओं में कार्य आवंटित किया गया है।

इस संबंध में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों को सभी योजनाओं में अविलम्ब कार्य कराने का निदेश दिया गया। कतिपय जिलों में कार्य करने में समस्या उत्पन्न हो रही है जिसका विवरण निम्न है–

| क्र. सं. | जिला का नाम | निगम द्वारा परिलक्षित समस्या | निदेशक द्वारा दिये गये निदेश |
|---|---|---|---|
| 1. | जहानाबाद | कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। | अन्य उपलब्ध भूमि के संबंध में जिला पदाधिकारी, जहानाबाद से प्रतिवेदन प्राप्त करें। |
| 2. | भागलपुर | कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। | प्रधान सचिव कृषि विभाग, बिहार, पटना को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। |

10.7.26

524

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | अरवल | चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण है। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, अरवल को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। |
| 4. | बक्सर | उपलब्ध भूमि मात्र छः एकड़ होने के कारण अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, बक्सर को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। |

उक्त कार्य का अनुश्रवण श्री अजय कुमार, अवर सचिव द्वारा किया जायेगा।

## II खेल भवन–सह–व्यायामशाला

महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 13 योजनाएं खेल भवन–सह–व्यायामशाला से संबंधित है, जिनमें से बक्सर जिला को छोड़कर सभी 13 जिलों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। बक्सर जिला में उत्पन्न समस्या निम्नवत है। जिसका निराकरण किया जाना आवश्यक है:–

| क्र. सं. | जिला का नाम | समस्या | निदेशक द्वारा दिये गये निदेश |
|---|---|---|---|
| 1. | बक्सर | उक्त चिन्हित भूमि की समस्याओं का निराकरण किया जाय अथवा दूसरी नई भूमि चिन्हित किया जाय। | नयी भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी, बक्सर को पत्र भेजा जाय। |

➢ निर्मित 25 खेल भवन–सह–व्यायामशाला में RO, A.C, Generator Set, Signage एवं CCTV Camera के अधिष्ठापन के संबंध में निगम द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त सभी का अधिष्ठापन कर दिया गया है । अधिष्ठापित जिलों से अद्यतन प्रतिवेदन प्राप्त किया जाय।

कुल 14 जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है शेष 11 जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु स्मार पत्र भेजा जाय।

## III प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण

प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 78 नयी योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा दी जा चुकी है, जिसमें 10 जिलों के कुल 15 प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम निर्माण में कतिपय समस्याएँ है। समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित जिला पदाधिकारी को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया है।

523

**IV माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामले**

माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामलों तथा वैसे मामले जिसपर माननीया खेल मंत्री द्वारा निदेश अंकित गया है वैसे पत्रों की अलग–अलग सूची तैयार किये जाने का निदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिया गया।

13.7.26

**(आरिफ अहसन)**
**निदेशक।**

ज्ञापांक–2628. पटना, दिनांक 14.7/2026

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग /मुख्य महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग /सचिव के प्रधान आप्त सचिव/परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा)/अवर सचिव संबंधित प्रशाखा (04&05)/संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक शा0 शिक्षा/उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.7.26

13.7.26

निदेशक।